भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या.4822**

उत्तर देने की तारीख 23.03.2020

**जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण**

**4822 .श्रीमती गीता कोडाः**

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान विशेषकर झारखंड में जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए किस प्रकार की योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान झारखंड में ऐसी योजनाओं से लाभान्वित जनजातियों की संख्या कितनी है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जनजातीय कार्य राज्य मंत्री**

**(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)**

**(क) से (घ):** झारखंड राज्य सहित जनजातीय समुदायों के उत्थान सहित सभी व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रम लागू किए जाते हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय की योजनाएँ जिसके तहत जनजातियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए समर्थन दिया जाता है, वे जनजातीय उप-योजना को विशेष केंद्रीय सहायता (टीएसएस को एससीए) , जनजातीय उत्पादों / उपज के विकास और विपणन के लिए संस्थागत समर्थन , संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के तहत अनुदान , विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) का विकास और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को सहायता की योजना के तहत प्रदान किए गए अनुदान हैं।

निधियां सभी अनुसूचित जनजातियों को प्रदान की जाती है और आम तौर पर किसी विशेष जनजाति के लिए नहीं होती है। चालू वर्ष ( 2019-20) के दौरान उपर्युक्त योजना के तहत निर्मुक्त निधि निम्नलिखित है:

(लाख रूपए में)

| टीएसएस को एससीए | पीवीटीजी | अनुच्छेद 275 (1) | स्वैच्छिक संगठनों को सहायता |
|---|---|---|---|
| 1330.16 | 249.99 | 2661.80 | 7833.04 |

*****